प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.02.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

केंद्र सरकार ने प्रदेश में दो बड़ी परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ आठ लाख रुपए की धनराशि जारी की है। इस राशि से कांगड़ा जिला में बन रही फिन्ना सिंह परियोजना के लिए 67 करोड़ पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि हमीरपुर जिला के नादौन की परियोजना को चार करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान होगा। केंद्र सरकार ने ये धनराशि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जारी की है। जलशक्ति मंत्रालय की ओर से इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

प्रयागराज में आज महाकुंभ का माघी पूर्णिमा स्नान चल रहा है। कल्पवास के विशेष अनुष्ठान के समापन के प्रतीक इस स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष इसमें 10 लाख से अधिक कल्पवासी शामिल होंगे। महाकुंभ में कल्पवास विशेष फलदायी माना जाता है। माना जाता है कि माघ पूर्णिमा तक प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से एक हजार साल की तपस्या का फल मिलता है।

विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम–महाकुंभ मेला 13 जनवरी को आरंभ हुआ है। अब तक 46 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई है।

पुलिस कांस्टेबलों के एक से दूसरे जिले में तबादले करने के लिए पारित संशोधन विधेयक को राजभवन ने राष्ट्रपति निवास के लिए भेज दिया है। प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश पुलिस संशोधन विधेयक–2024 पारित किया गया था। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद अब हिमाचल प्रदेश के पुलिस आरक्षियों का भी जिला के बजाय राज्य काडर होगा।

आज संत श्री गुरु रविदास जी की जयंती है। इस अवसर पर शिमला समेत राज्य के विभिन्न भागों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच राज्य के कई भागों में शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी श्री गुरू रविदास महान संत, दार्शनिक और कवि होने के साथ–साथ उत्तरी भारत भक्ति आंदोलन के भी प्रमुख रहे हैं।

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। हिमाचल की टीम ने हरियणा को सात गोल से मात देकर जीत हासिल की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस शानदार विजय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

केंद्रीय भेड़ व ऊन अनुसन्धान संस्थान के उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र गड़सा जिला कुल्लू का 63वें स्थापना दिवस पर कल कुल्लू में क्षेत्रीय किसान मेला प्रौद्योगिकी प्रदर्शन व किसान–वैज्ञानिक संवाद के रूप में मनाया गया। प्रौद्योगिकी प्रदर्शन व किसान–वैज्ञानिक संवाद का आयोजन केंद्र सरकार की अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति उपयोजनाओं के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर किसानों द्वारा भेड़ की ऊन उत्पादों से बनाए

गए पारंपरिक परिधानों की सुन्दर झांकी भी निकाली गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने किसानों से वैज्ञानिक तरीके से भेड़पालन करने का आग्रह किया।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–बजट में दिखेगा व्यवस्था परिवर्तन– प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुक्खू सरकार बदलेगी फार्मेट। अमर उजाला का शीर्षक है–सेब व चाय बागानों में बना सकेंगे होम स्टे, गैर हिमाचली को भी अनुमति।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– कौशल विकास से सृजित होंगे रोजगार व स्वरोजगार के अवसर।

पंजाब केसरी की एक खबर है–जे.ई.ई. मेन्स का परिणाम घोषित, हिमाचल के धैर्य शर्मा प्रदेशभर में प्रथम।

इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है प्रातः 11 बजे। नमस्कार